तापमान
अधिकतम 26.3 डिग्री
न्यूनतम 6.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार 10 फरवरी 2026

13 निधि मिस फेयरवेल और दीक्षांत मिस्टर फेयरवेल बने

14 बच्चों ने चलाया नशा व पॉलीथिन मुक्त अभियान


## खबर संक्षेप

### आठवीं का छात्र संदिग्ध हालात में लापता

**गन्नौर।** चटिया औलिया में शादी में खाना खाने निकला एक 8वीं कक्षा का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पिता ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। गांव चटिया औलिया निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसका छोटा बेटा आर्यन 8वीं कक्षा में पढता है। आर्यन 8 फरवरी की शाम को समय करीब 3-4 बजे घर से गांव में शादी में खाना खाने के लिए गया था जो वापिस घर नही आया। उन्होंने शक जताया कि उसके बेटे को किसी ने अपने फायदे के लिए अज्ञात स्थान पर छिपा रखा है। पुलिस ने केस दर्ज कर आर्यन की तलाश शुरू कर दी है।

### दिल्ली का युवक अवैध हथियार सहित पकड़ा

**खरखौदा।** पुलिस ने दिल्ली बाईपास से एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक के पास अवैध पिस्तौल है जो दिल्ली बाईपास पुल के नीचे किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को काबू किया और उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल बरामद किया गया है। युवक ने पुलिस को अपनी पहचान रोहिणी सेक्टर 4 निवासी जितेंद्र के रूप में दी है।

### युवक पर फायरिंग के आरोप में दो गिरफ्तार



**सोनीपत।** थाना राई पुलिस ने फायर कर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विनोद उर्फ काला और चिराग उर्फ छोटा निवासी गांव जठेड़ी जिला सोनीपत हैं। पुलिस के अनुसार 26 जनवरी 2026 को अशोक उर्फ भूरा पुत्र वेद प्रकाश निवासी जठेड़ी ने शिकायत दी थी कि दो युवक मोटरसाइकिल पर आए और पुरानी रंजिश के चलते पिस्तौल से फायर कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जान बचाने के लिए वह खेतों की ओर भागा, जहां आरोपितों ने पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी तरह गांव में एक मकान में छिप गया। इस मामले में पहले ही एक आरोपित को गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच के दौरान पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

अमृत भारत स्टेशन परियोजना : 29 करोड़ से हो रहा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

# स्टेशन पर वर्टिकल गार्डन बनाने की तैयारी बीच में लहराएगा 100 फीट ऊंचा तिरंगा

रविंद्र ठाकुर ▶▶ सोनीपत

मॉडल स्टेशन की ख्याति प्राप्त कर चुके सोनीपत स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण व हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्टिकल गार्डन का निर्माण करवाया जा रहा है। मॉडल सोनीपत स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर परिसंचारी क्षेत्र (सर्कुलेटिंग एरिया) बढ़ाकर वर्टिकल गार्डन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। गार्डन के बीच करीब 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराकर रेलवे स्टेशन की शोभा बढ़ाएगा। वर्टिकल गार्डन निर्माण के लिए सर्कुलेटिंग एरिया चयनित कर यहां ग्रिल लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। मुख्य प्रवेश द्वार पर बनने वाले वर्टिकल गार्डन को विभिन्न प्रजातियों के पौधों से सजाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। सोनीपत स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन परियोजना के अंतर्गत 29 करोड़ रुपये से पुनर्विकास के कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी राशि में वर्टिकल गार्डन का निर्माण भी शामिल है। स्टेशन पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने व स्टेशन की खूबसूरती में चार चांद लगाने के उद्देश्य से रेलवे ने वर्ष 2022 में ए ग्रेड में शामिल स्टेशन की सूरत संवारने का निर्देश दिए थे। वर्ष 2023 में सौंदर्यकरण के लिए रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में मुख्य प्रवेश द्वार के पास कोने में छोटा-सा वर्टिकल गार्डन तैयार करवाया था। साथ ही यहां आई लव सोनीपत लाइटिंग से तैयार सेल्फी प्वाइंट करीब 1 साल पर लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र बना रहा, लेकिन उच्च अधिकारियों ने वर्ष 2025 में प्रवेश द्वार के सामने बड़ा वर्टिकल गार्डन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। अब स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार करने के बाद वर्टिकल गार्डन दोबारा बनाने का कार्य शुरू हो चुका है।

**मॉडल स्टेशन**

- सौंदर्यीकरण को बढ़ाने के लिए मुख्य प्रवेश द्वार के सामने बनाया जा रहा वर्टिकल गार्डन
- गार्डन में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया जाएगा संदेश



### रात में लाइटों से मनोहारी दृश्य की दिखेगी झलक

वर्टिकल गार्डन तैयार होने के बाद स्टेशन परिसर में रात के समय लाइटों की जगमगाहट से मनोहारी दृश्य की झलक दिखाई देगी। गार्डन में गमलों के साथ विभिन्न फूलों की प्रजातियों के पौधे भी लगाए जाएंगे, जो अपनी खुशबू से परिसर को महकाएंगे। इसी उद्देश्य के साथ सर्कुलेटिंग एरिया को बढ़ाकर मुख्य प्रवेश द्वार के सामने बड़ा वर्टिकल गार्डन का तैयार किया जा रहा है, ताकि प्रवेश द्वार का निर्माण पूरा होने के बाद स्टेशन की सुंदरता को और बढ़ाया जा सके। गार्डन तैयार होने के बाद स्टेशन परिसर में आवागमन करने वाले यात्रियों को सुंदर नजारा देखने को मिलेगा।

### यात्रियों को होगा हरियाली का दीदार

सोनीपत स्टेशन पर आवागमन करने वाले यात्रियों को यहां पहुंचते ही हरियाली का दीदार होगा। इससे स्टेशन की खूबसूरती को भी बढ़ावा मिलेगा। रेलवे अधिकारियों ने ए ग्रेड में आने वाले इस स्टेशन का सौंदर्यकरण बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत सोनीपत स्टेशन का सौंदर्यकरण बढ़ाने के लिए सर्कुलेटिंग एरिया में वर्टिकल गार्डन तैयार करने की कवायद तेजी से चल रही है। सुरक्षा के लिहाज से वर्टिकल गार्डन को ऊपर करके बनाया जा रहा है, ताकि गार्डन में लगने वाले फूल व पौधों को नुकसान न हो। साथ ही एरिया को चारों तरफ से लोहे की ग्रिल से कवर किया गया है।

### गार्डन को गमले व पौधों से सजाया जाएगा

सोनीपत स्टेशन के सौंदर्यीकरण व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सर्कुलेटिंग एरिया बढ़ाकर वर्टिकल गार्डन का पुनः निर्माण करवाया जा रहा है। मुख्य प्रवेश द्वार पर बनाए जा रहे वर्टिकल गार्डन के तैयार होने के बाद इसे गमले व पौधों से सजाया जाएगा। इससे रेलवे स्टेशन परिसर की सुंदरता और बढ़ावा मिलेगा, साथ ही यात्रियों के लिए आकर्षक का केंद्र रहेगा।

**-पुष्पेश रमण त्रिपाठी,** रेल प्रबंधक (डीआरएम), दिल्ली मंडल

गोहाना की पुरानी अनाज मंडी में संगीन वारदात

# घर में घुसकर आढ़ती पर चाकू से हमला, सिर पर मारे डंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

शहर में पुरानी अनाज मंडी में आढ़ती पर घर में घुसकर चाकू से हमला कर दिया। हमलावर साथ में निर्माणाधीन मकान से होकर उनके घर में घुसे और घटना को अंजाम देकर वहीं से फरार हो गए। एसीपी और शहर थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। पुलिस के अनुसार आढ़ती के बयान दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी। आढ़ती एसोसिएशन गोहाना के पूर्व अध्यक्ष रामधारी जिंदल के पौत्र राजेश ने नई अनाज मंडी में आढ़त की दुकान कर रखी है। परिवार पुरानी अनाज मंडी में रेलवे स्टेशन के निकट अपने मकान में रहता है। रविवार रात लगभग डेढ़ बजे घर का दरवाजा धकेलने की आवाज सुनकर राजेश जग गए। जब वे पहली मंजिल से दूसरी मंजिल की तरफ जाने लगे तो एक युवक ने पीछे से उनके सिर पर डंडा मारा और उसके बाद दूसरे युवक ने उनके चेहरे पर चाकू से कई वार किए। हमलावर राजेश के घर के साथ निर्माणाधीन मकान से होकर उनके यहां पहुंचे और घटना को अंजाम देकर वहीं से फरार हो गए। आढ़ती को नागरिक अस्पताल से रेफर कर दिया। उनका रोहतक के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी राहुल देव, शहर थाना के प्रभारी भी टीम के साथ जांच के लिए पहुंचे।

### कुछ दिन पहले बंद किया था दूध, परिवार ने युवक पर शक जताया

*आढ़ती के परिजन राजधारी जिंदल ने बताया कि उनके परिवार ने कुछ दिन पहले एक दूधिया से दूध बंद कराया था, जिस पर उसने अजीब व्यवहार किया था। उन्होंने संभावना व्यक्त की कि दूधिया भी घटना को अंजाम दे सकता है।*

## आरोपों से आहत भेड़ पालक ने लगाया फंदा

गोहाना। गांव खेड़ी दमकन में एक व्यक्ति ने झूठे आरोपों व धमकियों से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी की शिकायत पर सदर थाना में तीन लोगों पर केस दर्ज किया गया। गांव खेड़ी दमकन की राजवंती ने पुलिस को बताया कि उनके पति राजेंद्र कई वर्षों से भेड़ पालन कर परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। 31 जनवरी और एक फरवरी की रात उनके पशुबाड़े से करीब 25 भेड़ें चोरी हो गई थीं। इनमें आधी भेड़ें उनकी थी और आधी अन्य ग्रामीणों की भी थीं, जो आधे पर चराई पर रखी गई थीं। इस संबंध में केस दर्ज कराया गया था। राजवंती के अनुसार पुलिस जांच के दौरान पंचायत में बुलाए जाने पर कमलेश पत्नी वेदप्रकाश ने फोन पर गाली गलौज की और पंचायत में आकर थप्पड़ मारने व बेइज्जत करने की धमकी दी। वहीं वेदप्रकाश ने भी घर आकर पशु वापस देने की धमकी दी। इसके अलावा सूबे सिंह ने भी उसके पति पर चोरी का आरोप लगाकर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। इससे परेशान होकर उसके पति ने पशुबाड़े में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।


# न्यूरोसर्जन के साथ 3.62 लाख की ठगी क्रेडिट कार्ड की जानकारी देना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

व्हाइट लिली रेजीडेंसी निवासी न्यूरोसर्जन डॉ. प्रवीन कुमार गुप्ता के साथ साइबर ठगी हो गई। ठगों ने बैंक रजिस्ट्रेशन के नाम पर उनसे क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर 3.62 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। सेक्टर-27 व्हाइट लिली रेजीडेंसी निवासी डॉ. प्रवीन कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक अन्य मोबाइल नंबर से पिछले दिनों कॉल आई थी।

### बैंक कर्मचारी बन धोखाधड़ी

कॉल करने वाले ने स्वयं को पीएनबी बैंक से जुड़ा बताते हुए मोबाइल रजिस्ट्रेशन का हवाला दिया और बैंक डिटेल मांग ली। पीएनबी कार्ड न होने की जानकारी देने पर आरोपी ने उनसे वैकल्पिक कार्ड की जानकारी मांगी, जिस पर गलती से उन्होंने अपने आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड का विवरण साझा कर दिया। इस दौरान उनके मोबाइल पर लगातार ओटीपी आने लगे। जब उन्होंने ओटीपी आने का कारण पूछा तो कॉल करने वाले ने इसे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का हिस्सा बताया। उन्होंने बताया कि संदेह होने पर तुरंत कॉल डिस्कनेक्ट कर आईसीआईसीआई बैंक कस्टमर केयर से संपर्क किया, जहां उनके क्रेडिट कार्ड को तत्काल ब्लॉक कर दिया गया।



- राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत, केस दर्ज

हालांकि, तब तक ठग तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए उनके खाते से रकम निकाल चुके थे। उनके बैंक खाते से 4 फरवरी को 2,52,222, 99,578 व 10,235 रुपये निकाल लिये। खाते से कुल 3,62,035 रुपये निकाले गए। डॉ. प्रवीन कुमार गुप्ता को बाद में पता चला कि यह राशि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खोले गए बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है। ठगी का अहसास होते ही उन्होंने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामले की जांच चल रही है।




निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने सुनाई खरी-खरी

# लाइनपार में 16 घंटे तक बाधित रही पेयजल सप्लाई, बहानेबाजी पर उतरे विभाग के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

महलाना रोड स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में खराबी के चलते रविवार-सोमवार को करीब 16 घंटे तक पूरे लाइनपार क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति ठप्प रही। उधर अधिकारी व कर्मचारी कभी बिजली फाल्ट, बैट्री खराब तो कभी वोल्टेज कम का बहाना लेकर उलझे रहे। ऐसे में लोगों को पीने के पानी के अभाव में परेशानी झेलनी पड़ी। साथ ही लोगों के दिनचर्या के कार्य प्रभावित रहे। ऐसे में लोगों ने नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन को मामले से अवगत कराया। लाइनपार क्षेत्र निवासी प्रमोद कुमार, अमित, सुनील, नरेश कुमार ने बताया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में खराबी आने के कारण उनके क्षेत्र में करीब 16 घंटे से पेयजल सप्लाई नहीं हो रही है। ऐसे में लोगों के पानी के अभाव में दिनचर्या के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अधिकारियों की ओर से पेयजल आपूर्ति के लिए कोई उचित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

## कभी बिजली फाल्ट, बैट्री खराब तो कभी वोल्टेज कम होने की बात बनाई, फ्यूज लगते ही आया पानी



### लोगों की शिकायत पर जांच करने पहुंचे

ऐसे में क्षेत्र वासियों ने समस्या को लेकर निवर्तमान मेयर राजीव जैन को शिकायत की। शिकायत मिलते ही राजीव जैन जब मौके पर पहुंचे तो इसमें अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही नजर आई। लोगों की समस्या को देख गुस्साए निवर्तमान मेयर ने कर्मचारियों को जमकर लताड़ लगाई। इस दौरान वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर मौजूद कनिष्ठ अभियंता राहुल ने बताया कि सुबह से बिजली सप्लाई में फाल्ट है, जिसे कर्मचारी ढूंढने में लगे हुए हैं, लेकिन अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है।

### कोताही सहन नहीं करेंगे

इस बात पर राजीव जैन ने कर्मचारियों ने जरनेटर न चलाने का कारण पूछा तो उन्होंने बैट्री खराब होने का हवाला दिया। जब उन्होंने बिजली के खंभे से हैंडल उठवाया तो मोटर में वोल्टेज कम आ रही थी। इसके बाद राजीव जैन ने सेक्टर 23 स्थित 33 केवी सब स्टेशन पहुंचे , वोल्टेज कम आने का कारण पूछा तो पावर स्टेशन से एक फ्यूज उड़ा मिला। इसके बाद निवर्तमान मेयर ने बिजली निगम के अधिकारियों को फोन करके जल्द फ्यूज लगवाने के निर्देश दिए। इस पूरी प्रक्रिया के बाद लाइनपार लोगों के लिए पेयजल की सप्लाई सुचारू की गई। लोगों की समस्या का समाधान होने के बाद निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने कर्मचारियों को चेताय कि इस तरह की लापरवाही को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को एक जिम्मेदार नागरिक की भांति अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि सहेली

मंगलवार
10 फरवरी 2026





वैलेंटाइन-डे विशेष

वैलेंटाइन-डे पर जब प्रेम की बात होती है, तो इसके मायने प्राय: रोमांस तक सीमित रह जाते हैं। जबकि प्रेम के बहुत व्यापक अर्थ हैं, रुमानी जज्बातों से बहुत ऊपर। विशेष तौर पर स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत उदात्त हैं। इसमें स्त्री का अवदान अमूल्य है, अनुपम है। स्त्री के संदर्भ में प्रेम के मायने शाश्वत हैं।

# स्त्री के लिए प्रेम के मायने

आवरण कथा


कल्पना मनोरमा, साहित्यकार



जब प्रेम, शब्दों से पहले व्यवहार बन जाए, जब वह कहने से ज्यादा करने में दिखे, तब वहां स्त्री मन उपस्थित होता है। स्त्री का प्रेम कोई क्षणिक भाव नहीं होता, वह एक निरंतर चलने वाली कोमल प्रक्रिया है, जिसमें धैर्य, समर्पण, समझ और सहनशीलता एक साथ ध्वनित होती है। स्त्री मन प्रेम को मां की ममता में जीता है, पत्नी की जिम्मेदारी निभाता है और बहू के रूप में संतुलन बनाकर चलता है। स्त्री का प्रेम केवल पाने की इच्छा नहीं रखता, बल्कि देने की क्षमता से भरा होता है। वह प्रेम को शर्तों में नहीं बांधती, बल्कि परिस्थितियों के साथ ढाल लेती है। एक स्त्री जब प्रेम करती है, तो वह सामने वाले के स्वभाव को समझने का प्रयास करती है। वह उसकी चुप्पी भी पढ़ लेती है, उसके गुस्से के पीछे की वजह को पहचान लेती है। स्त्री मन का प्रेम केवल भावनात्मक नहीं होता, वह व्यावहारिक भी होता है। वह जानती है कि कब बोलना है, कब चुप रह जाना ही प्रेम को बचा सकता है।

**प्रेम में त्याग करती है स्त्री:** घर के भीतर हो या काम-काज में, स्त्री का प्रेम सबसे अधिक दिखाई देता है। सुबह की पहली चिंता से लेकर रात की आखिरी तैयारी तक, प्रत्येक काम में उसका प्रेम घुला-मिला होता है। वह भोजन बनाते समय यह सोचती है कि किसे क्या पसंद है, किसे क्या नहीं? वह बीमार सदस्य की नींद का ख्याल रखती है। बच्चों के डर को अपनी हिम्मत से निडर बनाने का प्रयत्न करती है। स्त्री मन का प्रेम त्याग से जुड़ा होता है फिर भी त्याग बोझ नहीं बनता। स्त्री इसे अपने अस्तित्व का हिस्सा बना लेती है।

**प्रेम को सहज बनाती है स्त्री:** कई बार स्त्री अपनी इच्छाओं को पीछे रख देती है, क्योंकि उसके लिए प्रियजनों की खुशी अधिक महत्वपूर्ण होती है। वह यह नहीं जताती कि उसने क्या छोड़ा, क्योंकि उसका प्रेम दिखावे का नहीं होता। समाज अकसर स्त्री के प्रेम को उसका कर्तव्य कहकर सीमित कर देता है। लेकिन सच्चाई यह है कि स्त्री प्रेम को चुनती है। वह हर दिन दूसरे की खुशी चुनती है, समझना, सहना, संभालना और जीवन में प्रवाहित रहना। यह चयन आसान नहीं होता, फिर भी स्त्री इसे सहज बना लेती है।



**स्त्री का प्रेम रिश्तों को जोड़ता है:** स्त्री मन का प्रेम रिश्तों को जोड़ने का काम भी करता है। टूटते संवाद, बिगड़ते संबंध, अनकहे मतभेद, इन सबके बीच वह सेतु बनती है। वह जानती है कि हर रिश्ते में जीतना जरूरी नहीं, कई बार रिश्तों को निभाना ज्यादा जरूरी होता है।

**स्त्री देती है प्रेम को नया अर्थ:** प्रेम में स्त्री की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संवेदनशीलता है। वह भावनाओं को हल्के में नहीं लेती। किसी के शब्दों का असर, किसी की चुप्पी का कारण, वह सब महसूस करती है। यही संवेदनशीलता उसे मजबूत बनाती है, कमजोर नहीं। हालांकि स्त्री मन का प्रेम अकसर परीक्षा में डाला जाता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह हर हाल में समझे, हर परिस्थिति में समायोजन करे। उसकी सहनशीलता को उसकी सीमा समझ लिया जाता है, लेकिन स्त्री का प्रेम असीम नहीं होता। उसे भी सम्मान, अपनापन और समझ की आवश्यकता होती है। जब स्त्री मन को प्रेम के बदले प्रेम मिलता है, तो वह और निखर जाता है। जब उसकी भावनाओं को सुना जाता है, उसकी थकान को पहचाना जाता है, तो वह और अधिक देने में सक्षम होती है। स्त्री का प्रेम तब खिलता है, जब उसे केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में देखा जाता है। मां के रूप में स्त्री, प्रेम को सुरक्षा में बदल देती है। वह बच्चों के लिए ढाल बन जाती है। पत्नी के रूप में वह प्रेम को साझेदारी बनाती है। और बेटी के रूप में वह प्रेम को विश्वास से जोड़ती है।

**स्त्री के लिए प्रेम का अर्थ बहुत व्यापक है:** स्त्री मन प्रेम में पूर्णता नहीं ढूंढ़ता, वह संतुलन ढूंढ़ता है। वह जानती है कि हर इंसान अपूर्ण है, फिर भी वह उसे स्वीकार करना सीखती है। यही स्वीकार्यता उसके प्रेम को गहराई देती है। आज के समय में जब रिश्ते जल्दी टूट जाते हैं, स्त्री मन का प्रेम उन्हें थामे रखने का प्रयास करता है। वह संवाद बनाए रखने की कोशिश करती है, समझौते को हार नहीं मानती। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, साथ चलना, चाहे रास्ता कठिन क्यों न हो। लेकिन यह भी जरूरी है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल अवदान के रूप में न देखा जाए, बल्कि एक साझेदारी के रूप में समझा जाए। जब प्रेम एकतरफा होता है, तब वह प्रेम कम, बोझ ज्यादा बन जाता है, तब वह मन को थकाने लगता है। स्त्री का प्रेम तब सबसे सुंदर होता है, जब उसे लौटकर भी उतनी ही संवेदना मिले।

**निरंतर निभाए जाने वाला उत्तरदायित्व:** यह समझना आवश्यक है कि स्त्री मन का प्रेम केवल एक भाव नहीं, बल्कि एक निरंतर निभाया जाने वाला उत्तरदायित्व है। वह प्रेम को शब्दों में नहीं तौलती, बल्कि उसे जीवन के हर छोटे-बड़े क्षण में जीती है। उसकी उपस्थिति से रिश्तों में स्थिरता आती है। घर में संतुलन बना रहता है और जीवन की कठिनाइयां कुछ आसान लगने लगती हैं। स्त्री मन प्रेम में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वह स्वयं को भूल जाना चाहती है। स्त्री भी चाहती है कि उसके भावों को समझा जाए, उसकी चुप्पी को सुना जाए और उसकी थकान को पहचाना जाए।

**प्रेम में स्त्री का अमूल्य योगदान:** प्रेम के अवदान में स्त्री मन का योगदान अमूल्य होता है। वह प्रेम को जीती है, निभाती है और सहेजती है। वह प्रेम को केवल महसूस नहीं करती, बल्कि उसे रोजमर्रा की जिंदगी में उतारती है। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, लेकिन उसकी उपस्थिति से जीवन में स्थिरता आती है। वह बिना कहे बहुत कुछ दे जाता है, और यही उसका सबसे बड़ा अवदान है, प्रेम को जीवन का आधार बना देना।



## जीवन को मानवीय बनाता है प्रेम

**आज आवश्यकता** इस बात की है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल त्याग की कसौटी पर न परखा जाए। उसे साझेदारी, संवाद और समान भावनात्मक सहयोग की जरूरत है। प्रेम तब ही पूर्ण होता है, जब वह एकतरफा नहीं, बल्कि दो मनों की साझा यात्रा बन जाए। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, वह दिखावा नहीं करता। वह चुपचाप जीवन को थामे रखता है। वही प्रेम रिश्तों को टूटने से बचाता है, वही प्रेम जीवन को मानवीय बनाता है। और यही स्त्री मन का सबसे बड़ा अवदान है कि वह प्रेम को जीने की कला सिखाता है, बिना शर्त, बिना अपेक्षा, बस पूरी आत्मीयता के साथ।

# आप भी जरूर मनाएं प्रेम का यह उत्सव

अधिकांश मैरीड कपल्स मानते हैं कि वैलेंटाइन-डे का क्रेज शादी से पहले तक ही रहता है। जबकि आपसी जुड़ाव में प्रगाढ़ता लाने के लिए प्रेम का यह उत्सव हर दंपति को भी जरूर मनाना चाहिए।

दांपत्य

पूर्ति खरे



फरवरी माह की 14 तारीख यानी वैलेंटाइन-डे केवल लविंग कपल्स के लिए ही नहीं, पति-पत्नी के लिए भी किसी पर्व से कम नहीं है। वास्तव में पति-पत्नी का रिश्ता गहरा, मजबूत और जीवन भर का बंधन होता है, जो प्रेम, विश्वास और आपसी समझ पर ही आधारित होता है। यह रिश्ता न केवल दो लोगों को जोड़ता है, बल्कि दो परिवारों को भी एक साथ लाता है। इसलिए इस खास दिन आप अपने प्यार और विश्वास को एक-दूसरे के प्रति व्यक्त कर सकते हैं। इसके लिए आप कुछ तरीके अपना सकते हैं।

**रोमांटिक डिनर:** पति-पत्नी इस अवसर पर एक साथ रोमांटिक डिनर का आनंद ले सकते हैं। आप अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में जा सकते हैं या घर पर ही रोमांटिक डिनर अरेंज कर सकते हैं।



**लवली ट्रिप:** वैलेंटाइन-डे को स्पेशल बनाने के लिए कहीं बाहर ऐसी जगह घूमने जा सकते हैं, जहां बस आप दोनों हों। इसके लिए किसी सुंदर नेचुरल प्लेस को चुनें, जैसे कि समुद्र तट, हिल स्टेशन या नेशनल पार्क या ऐसी ही कोई जगह। रोजमर्रा की जिम्मेदारियों से दूर एक-दूजे के साथ बिताया गया यह समय न केवल प्यारा अहसास देगा, आपके लिए हमेशा के लिए यादगार बन जाएगा।

**मूवी नाइट:** पति-पत्नी प्यार के इस खास अवसर पर एक साथ मूवी नाइट का आनंद ले सकते हैं। आप अपनी कोई पसंदीदा मूवी अपने लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं। साथ में बैठकर पॉपकॉर्न का आनंद लेते हुए फिल्म देखना आपको बहुत खुशी देगा। निश्चित तौर पर साथ बिताया यह समय आपके रिश्ते को एक नई उमंग से भर देगा।

**म्यूजिक कॉन्सर्ट:** किसी म्यूजिक कॉन्सर्ट में जाकर पति-पत्नी एक साथ इस खास दिन संगीत का आनंद ले सकते हैं। आप चाहें तो अपने घर पर ही अपने पसंदीदा रोमांटिक गीतों को सुन सकते हैं और साथ में डांस भी कर सकते हैं। यकीन मानिए प्रेम भाव से भरे हुए गाने आप दोनों के भीतर प्यार का नया अहसास भर देंगे।

**इनका भी रखें ध्यान:** आप वैलेंटाइन-डे के अवसर पर यहां बताए गए आइडियाज पर तो अमल करें ही साथ ही कुछ और बातों का भी हमेशा यानी हर रोज ध्यान रखें तो आपका प्यार कभी कमजोर नहीं होगा।

- पति-पत्नी को हर रोज एक-दूसरे को कुछ समय जरूर देना चाहिए। आप एक-दूसरे के साथ समय बिताने के दौरान अपने विचारों और मन की बातों को साझा कर सकते हैं।
- आत्मीय बातचीत के दौरान पति-पत्नी को केवल अपनी बात कहनी ही नहीं चाहिए पार्टनर की बात सुननी भी चाहिए। आप एक-दूसरे की समस्याओं को न केवल ध्यान से सुनें, उसका समाधान निकालने का भी प्रयास जरूर करें।
- एक-दूसरे को अगर आप प्यार करते हैं तो अपने जज्बात बयां करने से भी नहीं नहीं झिझकें। अपनी भावनाएं बयां करने से प्यार और प्रगाढ़ होता है।
- पति-पत्नी को एक-दूसरे का साथ हर जगह देना चाहिए। एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करने की भी हर संभव कोशिश करें।
- रोजमर्रा के कामों में गलतियां सभी से होती रहती हैं। ऐसे में पति-पत्नी को एक-दूसरे को माफ करना भी आना चाहिए। इससे अपने जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान बढ़ता है। इसलिए एक-दूसरे की छोटी-छोटी कमियों को नजरअंदाज करें और प्यार के इस रिश्ते को प्रगाढ़ करने की दिशा में आगे बढ़ें।

भले ही आज सोशल मीडिया और इंटरनेट के दौर में दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले व्यक्ति से रिलेशन बनाना ईजी हो गया है, लेकिन नई पीढ़ी का एक वर्ग अपने आस-पास के व्यक्ति से ही डेटिंग-लव रिलेशन को इंपॉर्टेंस देने लगा है। इस जिप-कोड डेटिंग के कई फायदे हैं तो कुछ कमियां भी हैं। इनके बारे में आप भी जानें।

# न्यू जेनरेशन को भा रहा जिप-कोड डेटिंग ट्रेंड

न्यू ट्रेंड

दीपिका शर्मा



आज के तेज रफ्तार वाले डिजिटल दौर में, जहां हम दुनिया भर के लोगों से सेकेंडों में कनेक्ट हो सकते हैं, वहीं प्यार की दिशा थोड़ी विपरीत दिशा में घूमती दिख रही है। आज की युवा पीढ़ी लंबी दूरी के रोमांस की जगह अपने आस-पड़ोस में ही साथी खोजने को तरजीह दे रही है। इसे ही कहा जा रहा है जिप-कोड डेटिंग यानी मोहब्बत की तलाश अब चैट एप्स पर नहीं, बल्कि अपने आस-पास के गली, मोहल्ले और पोस्टल कोड की सीमाओं में हो रही है। रिश्तों की यह वापसी पुराने स्कूल-डेज वाली फीलिंग देती है, जहां मोहब्बत रोज मिलने की मुस्कान और बार-बार दिखने वाले चेहरे से पनपती थी।

**निकटता बनाती है आकर्षक:** जिप-कोड ट्रेंड की सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह सुविधा और



कनेक्शन दोनों का सुंदर मिश्रण है। पहले लोग प्रेम-पत्र लिखकर महीनों तक जवाब का इंतजार करते थे, आज रिप्लाई मिनटों में मिलता है और मिलने का प्लान तो कुछ कदम चलकर भी पूरा हो सकता है। यही निकटता इसे और भी आकर्षक बनाती है। रोज चलते हुए वही चेहरा नजर आना, बस स्टैंड पर एक ही बस का इंतजार करना, सब्जी मंडी में अनजाने में टकराना, ये छोटे-छोटे क्षण दिल में पहचान और फिर विश्वास का बीज बो देते हैं। यही पहचान धीरे-धीरे अपनापन बनाती है। कभी-कभी यह रिश्ता गहरे संग-साथ यानी साथ निभाने वाले संबंध में बदल जाता है।

**इस नए ट्रेंड के फायदे:** जिप-कोड ट्रेंड का सबसे पहला फायदा तो यही है कि पास रहना मतलब आसान पहुंच। न लंबी दूरी, न समय की बाधा, जब चाहें मिल सकें, बातचीत हो सके। इससे कम्युनिकेशन सहज रहता है और गलतफहमी कम होने की संभावना रहती है।

दूसरा लाभ, खर्च और मेहनत दोनों बचते हैं। दूर रहने वाले रिश्तों में समय और पैसे दोनों अधिक लगते हैं, जबकि जिप-कोड डेटिंग में यही संसाधन क्वालिटी टाइम में बदले जा सकते हैं। तीसरा फायदा यह है कि साझा परिवेश, रिश्ते को एक मजबूत नींव देता है। समान इलाके, समान भाषा, समान जीवनशैली यह कंपेटिबिलिटी को बढ़ाती है। परिवार के लोग भी ऐसे रिश्तों को जल्दी स्वीकार कर लेते हैं, क्योंकि सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में फर्क कम होता है। साथ ही पास रहने से सुरक्षा और कंफर्ट जोन दोनों बढ़ते हैं। जिप-कोड का ट्रेंड केवल पढ़ने-सुनने में ही अच्छा नहीं लगता है बल्कि लॉजिकल भी लगता है। दरअसल, आप उनके साथ आसानी से जुड़ सकते हैं, जो आपके जैसी लाइफस्टाइल जीते हैं।

**होते हैं कुछ रिस्क भी:** जिप-कोड रिलेशन में जहां आपसी दूरी कम होती है तो वहां पर्सनल स्पेस भी कम हो सकता है। पड़ोसियों की नजरें, समाज की बातें, प्राइवेसी में सेंध, ये सब इस रिश्ते के पनपने की राह में सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। रिश्ता निभ गया तो पूरा इलाका खुश, पर अगर खटास आई तो रोज सामना होना ही भारी लग सकता है। साथ ही, चुनाव का दायरा सीमित होना भी एक कमी है। हम वही चुनते हैं, जो आस-पास विकल्प में हो, न कि वह जो व्यक्तित्व या अहमियत से ज्यादा मेल खाए। यानी, सिर्फ दिल मिलना नहीं, एक-दूसरे के बीच की दूरी भी मायने रखती है। यह आपकी लेजीनेस पर्सनालिटी को भी दर्शाता है। साथ ही यह भी साबित करता है कि रिस्क लेने की क्षमता का आपमें अभाव है। आप चैलेंज लेने से डरते हैं, क्योंकि आपको लगता है कि किसी दूसरे को समझने में, जानने में और ढूंढ़ने में समय लगेगा, इसलिए अपने आस-पास जो है, उसी से काम चलाओ। यानी, जिप कोड एटिट्यूड जितना सरल लगता है, लंबी अवधि में उतने ही नेगेटिव इंपैक्ट भी दिखता है।

# दमकेगा आपका ऐसा रूप पार्टनर हो जाएंगे फिदा

मेकअप

निधि गोयल

वैलेंटाइन-डे के खास मौके पर आप जरूर चाहेंगी कि आपका लुक स्पेशल नजर आए, आपके पार्टनर आप पर फिदा हो जाएं तो इसके लिए आपको यहां बताए जा रहे मेकअप के स्टेप्स फॉलो करने होंगे। इससे आपका मेकअप अट्रैक्टिव के साथ ग्लोइंग भी नजर आएगा। आइए जानते हैं, आप किस तरह अपने मेकअप को परफेक्ट लुक दे सकती हैं।

**स्किन को करें क्लीन:** सबसे पहले जरूरी है कि आप अपनी स्किन को अच्छे फेसवॉश से क्लीन करें। इसके बाद मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जिससे आपकी स्किन हाइड्रेट रहे क्योंकि स्किन का सॉफ्ट और हाइड्रेट रहना भी बेहद आवश्यक है। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे आपका मेकअप ज्यादा समय तक टिका रहेगा और स्किन स्मूद और क्लीन नजर आएगी।

**फाउंडेशन का करें यूज:** क्लीनिंग के बाद आपको अपनी स्किन टोन से मैच करते हुए फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। फाउंडेशन को स्पंज या ब्रश की सहायता से ब्लेंड करें, जिससे यह स्किन पर अलग से लगा हुआ नजर नहीं आएगा। इससे आपकी स्किन को ग्लोइंग लुक मिलेगा।



**नेचुरल कलर का ब्लशर:** फेस स्किन पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करने के बाद गालों पर ब्लश अप्लाई करें। इसके लिए पिंक और पीच कलर के ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे गालो को नेचुरल लुक मिलेगा और आपका मेकअप भी ग्लोइंग नजर आएगा। ब्लशर में आप क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे स्किन को बेहद ताजगी भरा लुक मिलता है।

**ऐसे करें आइज मेकअप:** आंखों का मेकअप जब भी करें तो ध्यान रखें कि आपको बहुत ज्यादा हैवी मेकअप नहीं करना है क्योंकि दिन में आप किसी पार्टी में या अपने पार्टनर के साथ घूमने जा रही हैं तो थोड़ा सॉफ्ट मेकअप ही अट्रैक्टिव लगता है। इसके लिए आपको आंखों पर लाइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल करना सही रहेगा। आंखों पर अपनी ड्रेस से मैच करते हुए शेड का इस्तेमाल आप कर सकती हैं। साथ ही आईलाइनर को डिफरेंट तरीके से लगा सकती हैं। इसके बाद मस्कारा या काजल का इस्तेमाल भी करें।

**लिक्विड हाइलाइटर:** मेकअप पूरा होने के बाद हाइलाइटर का इस्तेमाल जरूर करें। इससे स्किन पर ग्लो आता है। हाइलाइटर का इस्तेमाल करें तो उसे गालों, नाक की हड्डी और माथे पर लगाएं, जिससे आपको नेचुरल ग्लोइंग लुक मिलेगा। परंतु ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा मात्रा में हाइलाइटर नहीं लगाएं।

**होंठों को दें ग्लॉसी लुक:** जब आप मेकअप कंप्लीट कर लेती हैं, तो बारी आती है होंठों को अट्रैक्टिव बनाने की। इसके लिए आप होंठों पर ग्लॉस का इस्तेमाल करें, क्योंकि नेचुरल कलर के ग्लॉस ज्यादा अच्छा लुक देते हैं। इन्हें लगाने से आपका पूरा मेकअप निखर जाएगा।

(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)


गिफ्ट के जरिए हम अपने किसी प्रिय को अपनी फीलिंग्स प्रकट करते हैं। बात जब वैलेंटाइन-डे पर गिफ्ट देने की हो तो यह और भी मायने रखता है। इसीलिए हम कुछ यूनीक गिफ्ट आइटम्स के बारे में बता रहे हैं।

# आपके पार्टनर को आएंगे पसंद ये अट्रैक्टिव-यूनीक गिफ्ट्स

सजेशन

मनोज अग्निहोत्री

किसी भी खास अवसर पर हम गिफ्ट देकर अपने प्रिय को स्पेशल फील करा सकते हैं। आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप भी अपने पार्टनर को जरूर कोई प्यारा सा गिफ्ट देना चाहेंगे। गिफ्ट देते समय आपको अपने पार्टनर की पसंद के साथ ही उसके लुक, उसके यूज और उससे जुड़ी अपनी फीलिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। अगर आपको यह समझ नहीं आ रहा है कि ऐसा क्या दिया जाए जो आपके पार्टनर को तो पसंद आए ही उनके लिए उपयोगी भी हो, तो हम आपको ऐसे ही कुछ बेहतरीन और यूनीक गिफ्ट ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं। इनमें से किसी को भी आप अपने प्रियजन को दे सकते हैं और इस वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकते हैं।



**कस्टमाइज ज्वेलरी:** आप अपने पार्टनर को स्पेशल फील करवाने के लिए उनके नाम से कस्टमाइज करवाकर रिस्ट वॉच, इयर रिंग्स, कफलिंग्स, रिंग्स या लॉकेट वाली चेन आदि दे सकते हैं। कम दाम में भी ऐसे गिफ्ट्स मिल जाएंगे।

**फोटो एल्बम या फोटो कोलाज:** साथ बिताए पलों को और अपने पार्टनर के अलग-अलग फोटोज को आप बहुत खूबसूरत से फोटोफ्रेम में कैप्चर करके उन्हें प्रेजेंट कर सकते हैं। इसी तरह आप कई प्यारी सी तस्वीरों का कोलाज भी बनवा कर उनको गिफ्ट कर सकते हैं। यह यूनीक और अनमोल तोहफा आपके पार्टनर को जरूर पसंद आएगा।



**हैंड रिटेन लैटर:** मोबाइल और डिजिटल दुनिया के इस दौर में आप एक खूबसूरत से लैटर पैड पर अपने प्रिय के प्रति अपनी भावनाओं को कविता या पत्र के माध्यम से लिखकर सुंदर से लिफाफे में रखकर गिफ्ट कर सकते हैं। पेन और पेपर से व्यक्त की गईं आपकी भावनाएं आपके पार्टनर को अवश्य पसंद आएंगी। आपकी फीलिंग्स से भरे इन शब्दों को वे कभी नहीं भूल पाएंगे।

**होम मेड आइटम्स:** आप घर पर ही हार्ट शेप की कुकीज, केक्स, नानखटाई या चॉकलेट्स बनाकर उसे गिफ्ट पेपर में रैप करके भी गिफ्ट कर सकती हैं। बाजार की रेडीमेड वस्तुओं की जगह ये हैंडमेड आइटम्स आपके पार्टनर को आपके प्यार की ऊष्मा का अहसास कराएंगी।

**प्यारे से प्लांट्स:** यदि आपके पार्टनर नेचर लवर हैं, तो आप उनको जेड, एडेनियम, गुलाब, पाम या क्रोटन जैसे पौधों को सुंदर गमले में लगाकर गिफ्ट दे सकते हैं। जो आपके प्यार की ही भांति धीरे-धीरे बढ़ेगा। इन पौधों को जब भी आपका पार्टनर देखेगा, आपको याद किए बिना नहीं रह सकेगा।

**इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स:** अगर आपके पार्टनर टेक्नोलवर हैं तो उनको आप स्मार्ट वॉच, वायरलेस इयर फोंस, टैब या एयरफ्रायर जैसा होम एप्लाइंस भी गिफ्ट कर सकते हैं। गिफ्ट खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखें-

- गिफ्ट खरीदते समय अपने पार्टनर की उम्र और रुचि का अवश्य ध्यान रखें ताकि गिफ्ट उनके लिए उपयोगी रहे।
- पहले अपना बजट निर्धारित करें और उसी के अनुसार गिफ्ट का चयन करें।
- अकसर ऑफलाइन की अपेक्षा ऑनलाइन गिफ्ट आइटम्स में अधिक वैरायटीज और क्वालिटी मिल जाती हैं। आप अपने बजट के अनुसार वहां से भी गिफ्ट खरीद सकते हैं।
- गिफ्ट चाहे छोटे आकार का हो या बड़ा उसे गिफ्ट पेपर में अच्छी तरह रैप करके ही प्रेजेंट करें। इससे गिफ्ट की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती है।

## खबर संक्षेप

### पटवारियों ने एसडीएम के विरोध में दिया धरना

**खरखौदा।** पटवारी पिछले कई दिन से उपमंडलीय परिसर में एसडीएम के कथित दुर्व्यवहार के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। पटवारी एसोसिएशन के जिला प्रधान सन्नी दहिया का कहना है कि प्रदेश स्तरीय के पदाधिकारियों का सहयोग व सर्व कर्मचारी संघ का समर्थन मिलने से उनके संघर्ष को बल मिला है। पिछले सप्ताह जिला उपायुक्त सुशील सारवान व सीटीएम डॉ अनमोल ने पटवारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों को समझाने का प्रयास किया था। लेकिन दोनों पक्षों के बीच आमसहमति नहीं बन सकी थी। नतीजतन पटवारी व कानूनगो एसोसिएशन ने सोमवार से फिर धरना शुरू कर दिया है।

### सामाजिक समरसता का परिचायक बना सम्मेलन

**गोहाना।** बरोदा मंडल का हिंदू सम्मेलन शिव नगरी धनाना में आयोजित हुआ। सामाजिक समरसता के परिचायक बने इस सम्मेलन में लोगों को भारत के गौरवपूर्ण इतिहास से अवगत करवाया गया। सानिध्य बाबा सियाराम का रहा। मुख्य अतिथि कुलदीप और सम्मानीय अतिथि कायकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल शर्मा रहे। समारोह की अध्यक्षता राजेंद्र ने की। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की गौरवपूर्ण सनातन संस्कृति एवं अखंड भारत की झलक दिखाई गई। भारतीय किसान संघ प्रांत युवा प्रमुख नीरज शर्मा धनाना ने ग्रामीणों को हिंदू एकता का संदेश दिया। समारोह का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। कृष्ण शास्त्री ने हवन को विधिपूर्वक सम्पन्न करवाया।

### पूर्व छात्रों ने सुनहरी यादों को किया ताजा

**सोनीपत।** इंडियन मॉडर्न स्कूल, गोहाना रोड में पुनर्मिलन समारोह का आयोजन किया गया। एलुमनाई मीट 2026 कार्यक्रम में पूर्व छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर स्कूल के आंगन में कदम रखकर सुनहरी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा ने दीप प्रज्वलन करके की। विद्यार्थियों ने गणेश वंदना व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांधा। संबंध थीम पर आधारित नृत्य ने गुरु शिष्य, मित्रता व स्कूल परिवार के रिश्तों को भावुक ढंग से प्रस्तुत किया। एलुमनाई के लिए मनोरंजक व बौद्धिक गतिविधियों आयोजित की। इनमें कप एंड बैलून गेम, बैलून रिले, बास्केटबॉल चैलेंज, बैंक टू स्कूल, क्विज, मादंड गेम - स्टेप ऑन द राइट स्क्वायर शामिल रहीं।

### गीता विद्या मंदिर के मांशु के पंच से निकला स्वर्ण

**गोहाना।** एसजीएफआई राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गीता मंदिर गोहाना के कक्षा 11वीं के विद्यार्थी मांशु के पंच अपने सब प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़े। मांशु ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक जीत लिया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी की लहर है। एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा बेंगलुरु में 5 से 9 फरवरी तक राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्र मांशु पुत्र सुंदरलाल ने इस प्रतियोगिता के अंडर-19 आयु वर्ग में 46-49 भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने खेल कौशल का सफल परिचय दिया।

### नॉन टीचिंग यूनियन हड़ताल में लेगी भाग

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की नॉन टीचिंग यूनियन का लंबित मांगों व कुलपति की कार्यप्रणाली के खिलाफ सोमवार को धरना जारी रहा। धरने को हरियाणा सर्व कर्मचारी संघ ने अपना समर्थन दिया। नॉन टीचिंग यूनियन के प्रधान सुरेश कुमार पुट्ठी ने बताया कि यूनियन 12 फरवरी की हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेगी। सुरेश कुमार पुट्ठी ने कुलपति पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि छात्र फंड के 50 करोड़ रुपये घोटाला मामले में कुलपति अब तक चुप्पी साधे हुए हैं।

---

12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

# ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल: निधि को मिस दीक्षांत को मिस्टर फेयरवेल का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। प्राचार्य गीता चोपड़ा व उप प्राचार्य रूना दास ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में जूनियर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक व रंगारंग प्रस्तुतियों से समा बांधा। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को अलग-अलग खिताबों से नवाजा गया। छात्र दीक्षांत को मिस्टर फेयरवेल व छात्रा निधि को मिस फेयरवेल चुना गया। रचित को मिस्टर इंटेलिजेंट, भाविका को मिस इंटेलिजेंट, दीया को मिस क्यूट, अनु को मिस ब्यूटीफुल व सुजल को मिस्टर हैंडसम के खिताब से नवाजा गया। प्राचार्य गीता चोपड़ा ने बताया कि विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का स्वर्णिम काल होता है। शिक्षक अपने बच्चों को अच्छे संस्कार एवं अच्छी शिक्षा देकर विदा करते हैं, ताकि वह भविष्य में योग्य नागरिक बनकर देश व समाज का विकास कर सकें। किसी भी विद्यार्थी के लिए अपने स्कूल से विदा होने का क्षण अत्यंत भावुक होता है, लेकिन बच्चे कभी भी अपने गुरु के मन से विदा नहीं होते।



**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में प्राचार्य गीता चोपड़ा, उप प्राचार्य रूना दास के साथ विभिन्न खिताब से नवाजे गए विद्यार्थी।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक, गीता राणा, योगिंद्र कुमार, निशा, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मधु, ज्योति, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, रेखा, पारुल, कावेरी, सरिता, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी मौजूद रही।

### 800 छात्रों ने सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट उत्सव: 2026 का शैक्षणिक भ्रमण किया




**गोहाना।** विधानसभा के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के सानिध्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया के निर्देशन में शैक्षणिक खंड गोहाना के राजकीय विद्यालयों के 800 विद्यार्थियों ने 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट उत्सवः 2026 का शैक्षणिक भ्रमण किया। खंड शिक्षा अधिकारी गोहाना राजेंद्र सांगवान ने बताया कि गोहाना निर्वाचन क्षेत्र से सोमवार से रविवार अर्थात 9 फरवरी से 15 फरवरी तक रोजाना दो बसों में 110 विद्यार्थियों व एस्कॉर्ट टीचर्स को सूरजकुंड मेले के भ्रमण का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम को-ऑर्डिनेटर गौरव कपूर ने बताया कि सुरक्षा व सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए बच्चों का सफल भ्रमण करवाया जा रहा है। मेले का शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए शिक्षाप्रद अनुभव होगा। उन्हें पारंपरिक शिल्प और कला के माध्यम से रचनात्मक सीखने का अवसर प्रदान होगा और साथ ही यह शिल्प, कौशल और मनोरंजन गतिविधियों के माध्यम से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

---

## महाभारत के अर्जुन ने लिया उद्घाटन समारोह में भाग



**सोनीपत।** भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री के पटेल नगर स्थित कार्यालय में आयोजित एक प्रतिष्ठान के उद्घाटन समारोह में बीआर चोपड़ा की ऐतिहासिक महाभारत धारावाहिक में अर्जुन की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता फिरोज खान उर्फ अर्जुन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। अभिनेता अर्जुन ने उद्घाटन समारोह में शिरकत करने के बाद श्याम बाबा चुलकाना धाम में भी शीश नवाया। इस दौरान आयोजकों की ओर से उन्हें शॉल, पुष्पगुच्छ और हिंदू धर्म पर आधारित काव्य पुस्तक भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं अन्य अतिथियों को भी पुष्पगुच्छ व शॉल देकर अभिनंदन किया गया। समारोह में जिले के कई वरिष्ठ राजनीतिक व सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से सोनीपत के विधायक निखिल मदान, हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के छोटे भाई माई कौशिक, पूर्व मेयर राजीव जैन, हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री अनिल ठक्कर, भाजपा जिला महामंत्री तरुण देवदास व नीरज कुमार, पूर्व जिला महामंत्री योगेशपाल अरोड़ा, नवीन मंगला, कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमल दिवान तथा ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजीव दहिया उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा की जिला व प्रदेश स्तरीय नेत्रियां, मार्केटिंग कमेटी सोनीपत व गनौर के अध्यक्षों अनेक समाजसेवी भी समारोह में मौजूद रहे।

## रक्तदान जीवनरक्षक कार्य : वीरेंद्र

### एक महिला सहित 52 नागरिकों ने किया खून दान

हरिभूमि न्यूज ▸▸। गोहाना

सोमवार को शहर में ड्रेन संख्या 8 के पुल के समीप स्थित भगवान परशुराम चौक में सम्पन्न भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में एक महिला समेत 52 नागरिकों ने रक्तदान किया। शिविर में 5 नागरिकों ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन गोहाना के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य ने कहा कि रक्तदान करना एक जीवनरक्षक कार्य है। रक्तदान करके हम गंभीर दुर्घटनाओं में घायलों, सर्जरी, कैंसर व अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीजों की जान बचा सकते हैं। रक्तदान से न केवल प्राप्तकर्ता अपितु दानकर्ता के लिए भी बहुत फायदेमंद है। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की और संयोजन स्टार रक्तदाता एवं समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास ने किया। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में नेवी से मंजीत और गांव तिहाड़ मलिक के पूर्व सरपंच दीपक कुमार ने रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में मंजीत मोर, रविराज, धर्मवीर, अमित मलिक, अनिरूद्ध पंवार, प्रदीप, राजेश, शमशेर, संजय, वीरेंद्र नरवाल, नरेश मलिक, कप्तान सिंह, मुकेश, राजपाल और सुनील कुमार शामिल रहे।



**गोहाना।** रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते हुए मुख्य अतिथि वीरेंद्र आर्य व आयोजक।

## जनविरोधी फैसलों से प्रदेश बर्बाद: चौटाला

### प्रदेश सरकार पर बरसे इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सोनीपत

इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला शहर के गीतांजलि गार्डन में एक शादी समारोह में पहुंचे। चौटाला ने कहा भाजपा सरकार लगातार जनविरोधी फैसले लेकर हरियाणा प्रदेश को पूरी तरह से बर्बाद करने पर तुली है। आज प्रदेश में चारों ओर हाहाकार मची है। भाजपा ने किसान विरोधी फैसले लेकर किसानों को बर्बाद किया। युवा विरोधी फैसले लेकर युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए तरसा दिया। दिव्यांग विरोधी फैसले लेकर उनकी रिटायरमेंट की उम्र को 60 साल से घटाकर 58 साल कर दिया। भाजपा सरकार अब बुजुर्गों को भी नहीं बख्श रही और बुजुर्गों के सम्मान के लिए दी जाने वाली बुढ़ापा पेंशन को आय से जोड़ने के साथ साथ अन्य कई शर्तें लगाकर काट रही है। अभय चौटाला ने कहा कि यह हमारे प्रदेश का दुर्भाग्य है कि पिछले ग्यारह साल से जनविरोधी भाजपा प्रदेश में राज कर रही है। अब तक पूरे प्रदेश के 75 हजार से ज्यादा बुजुर्गों की पेंशन काटी जा चुकी है और मुख्यमंत्री बेशर्मी से कह रहे हैं कि कोई पेंशन नहीं काटी गई। यह आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। चौधरी देवीलाल ने बिना कोई शर्त लगाए बुजुर्गों के सम्मान के लिए 100 रुपए बुढ़ापा पेंशन शुरू की थी जो आज के 15 हजार रुपए के बराबर हैं। कांग्रेस ने भी सत्ता में रहते कुछ शर्तें लगाकर पेंशन काटने की कौशिश की थी।


**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला।

#### ये है मामला

इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत, पूर्व एसपी अनूप दहिया, कृष्ण मलिक, भूपेंद्र मलिक, करण चहल, सुरेंद्र सिरसाड़, बलवान नंबरदार, बलजीत नैन, प्रदीप दहिया, पूर्व चैयरमेन सतपाल गोयल, मंजीत फोघाट बिजेंद्र शेखपुरा, आकाश पालीवाल, अर्जुन अंतील, प्रदीप टीनू, सरदार कमलजीत, नितिन तनेजा, राजबाला गहलावत, अनिल मलिक, भूपेंद्र राठी, राजेश अंतील आदि मौजूद रहे।

## हड़ताल को लेकर जत्थे ने साधा कर्मचारियों से संपर्क



**सोनीपत।** सर्व कर्मचारी संघ यूनियन हरियाणा व सीटू के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल सफल बनाने के लिए अभियान चलाकर मजदूर व कर्मचारियों से संपर्क साधा। वहीं प्रदेश के कर्मचारियों का जत्था सोमवार को हड़ताल को सफल बनाने का संदेश लेकर सोनीपत पहुंचा। जत्थे ने कुंडली लिफ्टिंग चौक व गांव रसोई, पतला, जाखौली, पबसरा, सेवली में पंपलेट बांटकर मजदूरों को हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया। जिला सीटू एवं कर्मचारी संघ की टीम ने प्रदेश कमेटी के जत्थे का स्वागत किया। राज्य स्तरीय जत्थे में कर्मचारी संघ के नेता कश्मीर सिंह, तेजिंद्र, सुनीता, सुरेंद्र मलिक ने बताया कि मजदूरों को 8 के बजाए 12 घंटे काम करने पर मजबूर किया जाता है, जबकि गुजरे लायक पूरा वेतन भी नहीं दिया जाता। न ही कर्मचारियों को कोई सुरक्षा लाभ दिया जाता है। हर दिन कहीं न कहीं कंपनियों में दुर्घटना हो रही हैं। आरोप है कि गत दिनों गौरव नाम के मजदूर की अचानक मशीन खराब होने से उसके हाथ की उंगलियां कट जाने पर उन्हें लाभ नहीं दिया गया। कंपनी मैनेजमेंट ने पीड़ित मजदूर से धोखे से एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करवा लिए। नियोक्ता अपनी मर्जी से बिना कोई कारण बताए किसी भी मजदूर को काम से निकाल देते हैं। वहीं जिला संयोजक राजेश कुमार ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की मांगों सहित सरकार ने पारित मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड रद्द करवाने, मनरेगा स्कीम को बहाल करवाने, खाली पदों पर भर्ती, काम के घंटे 12 से 8, कच्चे कर्मियों को पक्का करवाने, नया बिजली अधिनियम बिल रद्द, निजीकरण पर रोक जैसी अनेकों मांगों को लेकर 11 ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल की जाएगी। जिसमें मजदूर, किसान, बेरोजगार नौजवान, छात्र भाग लेंगे।

---

**मांग** नगर सुधार मंच ने विधायक मदान, राजीव जैन व नोडल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# महापुरुषों की प्रतिमाओं व चौक-चौराहों पर अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सोनीपत

शहर में महापुरुषों की प्रतिमाओं व चौक-चौराहों पर अवैध रूप से होर्डिंग, बैनर व पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्यवाही की जाएगी। मामले को लेकर सोनीपत नगर सुधार मंच की ओर से सोमवार को विधायक निखिल मदान, नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन, नोडल अधिकारी एवं कार्यकारी अभियंता अजय निराला को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की गई। मंच के चेयरमैन संजय सिंगला, संरक्षक अशोक खत्री, प्रधान सरदार मोहन सिंह मनोचा, महासचिव रविंद्र सरोहा, मां भारती जन सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक प्रेम गौतम, रक्षक सेना प्रमुख मंजीत तिहाड़ा, सड़क सुरक्षा संगठन से संदीप बत्रा, समाजसेवी राजेंद्र गौतम ने बताया कि सोनीपत नगर सुधार मंच की ओर से करीब 6 वर्ष तक प्रत्येक रविवार शहर के विभिन्न चौकों से पोस्टर-बैनर हटाकर प्रतिमाओं को साफ करने का कार्य किया गया, लेकिन शरारती तत्व बार-बार उन्हें फिर से खराब कर रहे हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होने से दुखी होकर मंच को अपना यह अभियान रोकना पड़ा। विधायक निखिल मदान ने मामले की गंभीरता को समझते हुए नोडल अधिकारी को तत्काल सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं अभियंता अजय निराला ने निगम अधिकारी अनिल वलेचा को सोमवार से ही अवैध होर्डिंग, बैनर व पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ सरकारी प्रॉपर्टी डिस्प्लेसमेंट एक्ट के तहत चालान व दंडात्मक कार्यवाही करने के आदेश दिए है।


**सोनीपत।** विवेकानंद चौक स्थित कार्यालय में विधायक निखिल मदान को ज्ञापन देते सोनीपत नगर सुधार मंच के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### शहर को स्वच्छ बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम

मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि महापुरुषों की प्रतिमाएं केवल पत्थर या धातु नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कार व आने वाली पीढ़ियों की प्रेरणा हैं। उन्हें प्रचार का माध्यम बनाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर भी आघात है। मंच ने प्रशासन के फैसले का स्वागत करते हुए बताया कि इससे न केवल महापुरुषों का सम्मान सुरक्षित रहेगा, बल्कि सोनीपत शहर को स्वच्छ, सुंदर व संस्कारवान बनाने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा।

---

## खबर संक्षेप

### हिंदू सम्मेलन का कलश यात्रा व हवन से शुभारंभ



**गन्नौर।** गांव कामी के खेल परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में स्वामी शेषनारायण, राजकुमार आर्य और गीता ने हिंदू सभ्यता व संस्कृति पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के सहसंयोजक दीपक नैन कामी ने बताया कि आयोजन की शुरुआत गांव कामी के मंदिर से कलश उठाकर की गई। इसमें राजपुर मंडल की माता-बहनों ने उत्साहपूर्वक कलश यात्रा में भाग लिया। आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद कार्यक्रम से पूर्व हवन किया गया। हवन व सम्मेलन में गांव कामी, भुर्री, राजपुर, राजलू, गढ़ी, भोगीपुर, भिगान और कुराड़ से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

### डिसेबिलिटी पेंशन पर कर छूट को लेकर पूर्व सैनिकों की चिंता, सोनिया मोर ने उठाई आवाज



**राई।** डिसेबिलिटी पेंशन पर कर छूट को लेकर पूर्व सैनिक समुदाय में व्याप्त चिंता को फौजी पत्नी एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनिया मोर ने उठाते बताया कि हाल ही में दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कई पूर्व सैनिकों ने उनके समक्ष इस विषय को लेकर अपनी पीड़ा साझा की, जिसे उन्होंने संज्ञान में लिया। सोनिया मोर ने कहा कि डिसेबिलिटी पेंशन कोई आय नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा करते समय सैनिक को हुई स्थायी शारीरिक व मानसिक क्षति का प्रतिपूरक है। स्पष्ट किया कि जब कोई सैनिक सेवा के दौरान दिव्यांग होता है, तो उसका प्रभाव पूरे परिवार को जीवन भर झेलना पड़ता है।

### प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए



**गन्नौर।** शहर के बीएसटी खेल ग्राउंड में सोमवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से महिला खेल प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ शीला देवी ने की, जबकि बतौर मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान की धर्मपत्नी रानी कादियान रही और विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीन कुमारी ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रतियोगिता को दो आयु वर्ग में बांटा गया। मुख्य अतिथि रानी कादियान ने डिस्कस थ्रो फेंककर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में बबीता दतौली प्रथम, मंजू पुरखास द्वितीय व मीना गढ़ी झंझारा तृतीय स्थान पर रही। म्युजिकल चेयर स्पर्धा में सुमन आहुलाना प्रथम, वंदना बजाना खुर्द द्वितीय व रूखसाना खुबड़ु तृतीय रही। डिस्कस थ्रो में मीनू तेवड़ी प्रथम, कविता बजाना खुर्द द्वितीय व अन्नू पांची तृतीय रहीं। 5 किमी साइकिल रेस स्पर्धा में शीतल उदेशीपुर प्रथम, हिमांशी गढ़ी केसरी द्वितीय, प्रिया दतौली तृतीय रही।

### स्वर्णप्रस्थ स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई




**सोनीपत।** स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में समूह गीत, नृत्य एवं मनोरंजक खेलों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न गतिविधियों के आधार पर स्वरित आर्यन को मिस्टर स्वर्णप्रस्थ और हिमांशी दहिया को मिस स्वर्णप्रस्थ घोषित किया गया। वहीं वंश हुडा को मिस्टर पैशन आइकॉन, अर्शिया को मिस पैशन आइकॉन, गरिमा खत्री को मिस स्पॉट लाइट, अध्ययन को मिस्टर स्पॉट लाइट, धैर्य को मिस्टर मिलियन डॉलर स्माइल तथा गुरकिरन को मिस मिलियन डॉलर स्माइल चुना गया।

### 600 मीटर दौड़ में छात्र ऋतिक ने मारी बाजी



**राई।** हनी स्पोर्ट्स अकादमी परिसर में मॉडर्न स्कूल बहालगढ़ द्वारा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सतनारायण आंतिल, वाइस डायरेक्टर हीना दहिया, प्रधानाचार्य गीता मलिक ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्यातिथि भाजपा नेता जसबीर दोदवा, समाजसेवी सुरेश फौजी, महेन्द्र मलिक, जगमेन्द्र, सतबीर, रमेश ने शिरकत कर बच्चों को आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता के दौरान बनाना रेस और थ्री-लेग रेस मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। छात्राओं ने स्किपिंग रोप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, वहीं नन्हे बच्चों ने बकेट रेस में भाग लेकर दर्शकों का मन मोह लिया। 600 मीटर दौड़ में छात्र ऋतिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। थ्री-लेग रेस में सीरत और आयुष की जोड़ी ने पहला स्थान हासिल किया।

### छात्रों ने परीक्षा से जुड़े तनाव को दूर करने का लिया ज्ञान



**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से संबोधित संवादात्मक कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा कासामूहिक संजीव प्रसारण देखा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करना, उन्हें प्रेरित करना, अध्ययन व परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़े तनाव को दूर करने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा सर्वांगीण विकास के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं को भय का कारण नहीं, बल्कि अपने ज्ञान व सीखने के स्तर को परखने का एक अवसर मानना चाहिए। उन्होंने समय प्रबंधन, स्वस्थ दिनचर्या अपनाने व स्वयं पर विश्वास रखने की सलाह दी।

## भाजपा जिला युवा मोर्चा के मीडिया प्रभारी बने रोहित शर्मा

- प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और जिला अध्यक्ष का जताया आभार



**खरखौदा।** भाजपा संगठन द्वारा खरखौदा निवासी रोहित शर्मा को भाजपा जिला युवा मोर्चा का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। वर्ष 2019 से भाजपा के सक्रिय सदस्य रहे रोहित शर्मा इससे पहले मंडल महामंत्री, जिला कार्यकारिणी सदस्य, बूथ पालक, खरखौदा के चुनाव सह प्रभारी भी रह चुके हैं। युवा मार्चा जिला अध्यक्ष प्रवीन दहिया ने रोहित शर्मा को नियुक्ति पत्र सौंपा है। कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन बड़ौली व जिला अध्यक्ष अशोक से विचार-विमर्श के बाद ये फैसला किया है। वहीं रोहित ने जिला युवा मोर्चा के मीडिया प्रभारी का पद मिलने के बाद कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी हैं, उसे वह ईमानदारी-मेहनत से निभाएंगे।

M. 9991773573
**सरपंच ग्राम पंचायत पूटठी**
तह. गोहाना (सोनीपत) हरियाणा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव पूटठी में वाल्मिकी चौपाल कंडम घोषित की हुई है। जिसकी ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 25/02/2026 को शिव मंदिर पूटठी में दोपहर 11 बजे बोली करवाई जाएगी। जिसके लिए सिक्योरिटी राशि 10000/- रुपये जमा करवानी होगी व बाकी शर्ते मौके पर बताई जाएगी।

सरपंच
ग्राम पंचायत पूटठी
गोहाना, सोनीपत

## खबर संक्षेप

### बुढ़ापा पेंशन कटौती पर कांग्रेस ने जताया विरोध

**सोनीपत।** कांग्रेस जिला महासचिव आशा अहलावत एडवोकेट ने हरियाणा में बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन काटने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण और अमान्य बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 14 लाख से अधिक राशन कार्ड काटे हैं और महंगाई, बेरोजगारी व स्वास्थ्य सुविधाओं की अनदेखी की है। अब बुजुर्गों की पेंशन काटकर उनके आत्मसम्मान पर चोट पहुंचाई जा रही है। उन्होंने मांग की कि काटी गई पेंशन तुरंत बहाल की जाए और भविष्य में किसी बुजुर्ग की पेंशन से छेड़छाड़ न हो।

### मकान से चोरी के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना मुरथल पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से दरवाजे, प्लाई बोर्ड, पेंट, मशीन, लोहे का सामान और बिजली की तार चोरी करने के मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में आजाद उर्फ लाडी और सलमान निवासी मनचोरी जिला करनाल, जबकि गोविंद, सलीम और सुनील उर्फ सुनिला निवासी समालखा पानीपत शामिल हैं। पुलिस के अनुसार 13 जनवरी 2026 को नरेंद्र पुत्र रामकिशन निवासी मुरथल ने शिकायत दी थी कि 12/13 जनवरी की रात नांगल खुर्द स्थित उनके फार्म हाउस के निर्माणाधीन मकान से सामान चोरी कर लिया गया।

## निर्माण जल्द पूरा होने की आस लगाए बैठे निशानेबाजों को लग सकता है झटका

# मल्टीपर्पज हॉल में परिवर्तित होगी निर्माणाधीन 25 मीटर शूटिंग रेंज

### गोहाना रोड स्थित सुभाष स्टेडियम में बजट के अभाव में रुक गया था कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** सोनीपत के गोहाना रोड स्थित सुभाष स्टेडियम में बजट के अभाव में अधर में लटकी निर्माणाधीन शूटिंग रेंज।

शहर में 25 मीटर शूटिंग रेंज का निर्माण जल्द पूरा होने की आस लगाए बैठे निशानेबाजों को बड़ा झटका लग सकता है। गोहाना रोड स्थित सुभाष स्टेडियम में वर्ष 2025 से निर्माणाधीन 25 मीटर शूटिंग रेंज के निर्माण में अचानक बदलाव किए जाने का निर्णय लिया गया है। करीब माह पूर्व उपायुक्त ने निरीक्षण के पश्चात उक्त जमीन पर मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण करवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि हॉल को विभिन्न खेलों के प्रयोग में लाया जा सके। खिलाड़ियों को एक जगह सुविधा मिल सके। साथ ही नगर निगम व खेल विभाग को जल्द बजट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम की ओर से अप्रैल 2025 में सुभाष स्टेडियम में निर्माणाधीन 25 मीटर शूटिंग रेंज का निर्माण बजट खत्म के चलते अधर में छोड़ दिया गया था। डी-प्लान के तहत बनाई जा रही शूटिंग रेंज पर अब तक निगम की ओर से करीब 25 लाख रुपये की राशि भी खर्च की जा रही है। इसके लिए चारों तरफ से दीवारों को खड़ा करने के साथ चयनित क्षेत्र की मिट्टी से भराई करवाई गई है। ऐसे में शहर में अभ्यास कर रहे निशानेबाजों को उम्मीद थी कि उन्हें शहर में ही जल्द 25 मीटर शूटिंग रेंज की सुविधा मुहैया हो सकेगी। फिलहाल सुभाष स्टेडियम में केवल 10 मीटर शूटिंग रेंज का संचालन किया जा रहा है, जहां कई निशानेबाज प्रशिक्षण ले रहे हैं। उधर उन्हें इस परियोजना के सिरे चढ़ने से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए मंच मिलने की उम्मीद थी, लेकिन अब निशानेबाजों की आस पर पानी फिरता दिख रहा है। प्रशासन की ओर से अब उक्त निर्माणाधीन शूटिंग रेंज को मल्टीपर्पज हॉल में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है।

#### अभ्यास के लिए अन्य शहरों का करना पड़ रहा रुख

परियोजना में अचानक किए गए बदलाव से खिलाड़ियों में असंतोष व भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। उधर जिला के युवाओं का शूटिंग खेल के प्रति रुझान लगातार बढ़ रहा है, लेकिन आधारभूत सुविधाओं के अभाव में उन्हें अभ्यास के लिए दिल्ली, रोहतक जैसे अन्य शहरों का रुख करना पड़ रहा है। अब तक इन निशानेबाजों को आस थी कि शहर में 25 मीटर शूटिंग रेंज का निर्माण होने से उन्हें अपने ही जिले में सुविधा मुहैया हो सकेगी, लेकिन योजना पर बदलाव के निर्णय ने उन्हें असंमजस की स्थिति में डाल दिया है।

#### प्रशासन से निर्णय में बदलाव करने की मांग

खिलाड़ियों का कहना है कि शहर में आधुनिक 25 मीटर शूटिंग रेंज का निर्माण हो जाता तो जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदकों की झड़ी लगा सकते थे। फिलहाल जिले में 10 मीटर से ज्यादा शूटिंग रेंज की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में प्रशासन को खिलाड़ियों की सुविधा पर ध्यान देते हुए अपने निर्णय में बदलाव लाना चाहिए। अगर प्रशासन को स्टेडियम प्रशासन को अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर 25 मीटर शूटिंग रेंज का निर्माण पूरा करवाना चाहिए।

#### मल्टीपर्पज हॉल के निर्माण से मिलेगी सुविधा

प्रशासन की ओर से सुभाष स्टेडियम में निर्माणाधीन शूटिंग रेज की जगह मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया है। मल्टीपरपज हॉल का निर्माण होने से खिलाड़ियों को एक जगह सुविधा मिल सकेगी। अधूरे निर्माण को पूरा करवाने के लिए जल्द बजट तैयार किया जाएगा। साथ ही पहले किए गए निर्माण व खर्च का भी तकनीकी मूल्यांकन करवाया जाएगा।

*-मनोज कुमार, जिला खेल अधिकारी, सोनीपत।*

## खबर संक्षेप

### वार्षिक खेलकूद स्पर्धा में जूपिटर सदन अव्वल

**गोहाना।** महम मार्ग स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल गोहाना में सोमवार को आयोजित वार्षिक खेलोत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपना हुनर दिखाया। मार्गदर्शन स्कूल के एमडी राजबीर राठी का रहा। संयुक्त अध्यक्षता स्कूल के उप प्रबंधक उत्तम राठी और प्राचार्य महेंद्र पाराशर ने की। संयोजन ख्याध्यापिका संगीता मुंजाल ने किया। वार्षिक खेलोत्सव में कक्षा छठी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर रिले दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो और शॉटपुट खेल प्रतियोगिताओं में अपना दम दिखाया। खेलोत्सव में कनिष्ठ वर्ग में जूपिटर सदन ने प्रथम, यूरेनस सदन ने द्वितीय और अर्थ सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में रोहित, कार्तिक मोर, सिमरन और सुमान्या को बेस्ट खिलाड़ी घोषित किए गए। विजेताओं को स्कूल के एमडी राजबीर राठी ने पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





### बच्चों ने चलाया नशा व पॉलीथिन मुक्त अभियान

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल, खिजरपुर अहीर के विद्यार्थियों ने नशा मुक्त व पॉलीथिन मुक्त भारत के संकल्प के साथ जन-जागृति अभियान चलाया। अभियान के तहत सत्कुंभा मंदिर से कलश यात्रा के साथ पूरे गांव में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों ने नारे लगाकर ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और पॉलीथिन का बहिष्कार करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने पॉलीथिन के स्थान पर जूट के बैग ग्रामीणों, विशेषकर खेड़ी गुज्जर क्षेत्र में वितरित किए तथा जागरूकता पत्र देकर लोगों से उसे पढ़कर जीवन में अमल करने का आग्रह किया। बच्चों ने /"नशा छोड़ो, जिंदगी से प्यार करो/" विषय पर भाषण देकर ग्रामीणों को भावनात्मक रूप से जागरूक किया। विद्यालय के निदेशक अजय यादव ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने उज्ज्वल भविष्य को नशे की भेंट न चढ़ाएं। व्यवस्था में स्कूल के शिक्षकों ने सहयोग किया।



### 3 किमी दौड़ में जोनी ने मारी बाजी

**गन्नौर।** सोमवार को पीरगढ़ी गांव में स्व. भौरा सिंह नंबरदार की याद में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास व दूर-दराज के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। 3 किलोमीटर दौड़ में जोनी प्रथम, विशाल द्वितीय व विवेक तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया और कहा कि खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने ग्रामीण प्रतिभाओं पर जोर देते हुए कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें केवल निखारने की आवश्यकता है। इस तरह की स्पर्धाओं युवाओं को खेलों में आगे बढने का मौका देती है। इस अवसर पर आयोजकों ने विधायक कादियान का स्वागत करने के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर भोपाल नंबरदार, जोगेंद्र दुग्गल, बेगा गांव के सरपंच सुरेंद्र, रामगोपाल बेगा आदि मौजूद रहे।



### बाल भवन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय वंदे भारत रखा गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने देशभक्ति, एकता और भारत की सांस्कृतिक विरासत को अपनी रचनात्मकता के जरिए सुंदर पोस्टरों में प्रस्तुत किया। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा तीसरी में शिवांगी, कक्षा चौकी में रीमा व कक्षा पांचवी में निहाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रशासन ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों की सराहना की। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## मार्केट न्यूज

### स्वर्णप्रस्थ स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी जूनियर छात्रों ने भावभीनी विदाई




**राई ।** सोनीपत के स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में समूह गीत, नृत्य एवं मनोरंजक खेलों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न गतिविधियों के आधार पर स्वरित आर्यन को मिस्टर स्वर्णप्रस्थ और हिमांशी दहिया को मिस स्वर्णप्रस्थ घोषित किया गया। वहीं वंश हुडा को मिस्टर पैशन आइकॉन, अर्शिया को मिस पैशन आइकॉन, गरिमा खत्री को मिस स्पॉट लाइट, अध्ययन को मिस्टर स्पॉट लाइट, धैर्य को मिस्टर मिलियन डॉलर स्माइल तथा गुरकिरन कौर को मिस मिलियन डॉलर स्माइल चुना गया। काव्या गुप्ता को मिस ईद का चांद, यशवर्धन को मिस्टर ईद का चांद, ईशान भसीन को मिस्टर गूगल और प्रभनूर बेदी को मिस गूगल का खिताब दिया गया। मुख्याध्यापक एस.पी. सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधक ओ.पी. कुमार व स्टाफ मौजूद रहा।

## भाजपा की जनविरोधी नीतियों की खोलेंगे पोल : दिवान

- ड्राइंग रूम से निकलकर अब घर-घर पहुंचेगी कांग्रेस, चंडीगढ़ में हाईकमान ने दिया जीत का मूलमंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष साथ में जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक।

नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी रणनीति को पूरी तरह आक्रामक मोड़ दे दिया है। चंडीगढ़ में हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक में जिले के नेताओं ने शिरकत की।बैठक में पार्टी प्रभारी प्रफुल, सह प्रभारी चंद्र बघेल मुख्य रूप से शामिल थे। बैठक से लौटने के बाद शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस बार का चुनाव विज्ञापनों बनाम धरातल की सच्चाई के बीच होगा। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि अब कांग्रेस कार्यकर्ता ड्राइंग रूम की राजनीति को पीछे छोड़कर सीधे जनता की चौखट पर दस्तक देंगे। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार केवल करोड़ों रुपये के विज्ञापनों के जरिए विकास का ढोंग रच रही है, जबकि हकीकत में प्रदेश का हर वर्ग—चाहे वह गरीब हो या मध्यम वर्ग- महंगाई और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल जनता को उलझाने का काम किया है, लेकिन अब कांग्रेस का हर कार्यकर्ता 'जनता की आवाज' बनकर सड़कों पर उतरेगा। कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ अपने तरकश के सबसे मजबूत तीर तैयार कर लिए हैं। बैठक में ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया व पूर्व विधायक जयबीर बाल्मीकि मौजूद रहे।

#### योग्य उम्मीदवारों को कमान, स्क्रीनिंग के बाद फाइनल होंगे नाम

बैठक में मेयर और पार्षद पद के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के दौरान भारी उत्साह देखा गया। इस दौरान पार्टी आलाकमान ने स्पष्ट किया कि टिकट उसी को मिलेगी, जिसकी पकड़ धरातल पर मजबूत होगी। ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने बताया कि प्राप्त हुए सैकड़ों आवेदनों की बारीकी से स्क्रीनिंग की जाएगी। केवल जिताऊ और निष्ठावान चेहरों को ही मौका मिलेगा। वहीं पूर्व विधायक जयबीर बाल्मीकि ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा के "झूठे विकास" के रथ को रोकने के लिए कांग्रेस का एक-एक सिपाही एकजुट होकर तैयार है।

### डॉ. कमलेश मलिक ने दो प्रांतों के साहित्यकारों की पुस्तकों पर की समीक्षा

**सोनीपत।** अंबाला के एसडी कॉलेज में 8 फरवरी रविवार को प्रो. वीर सेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट एवं हरियाणा साहित्य व संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान छठी साहित्यिक कांक्लेव में पुस्तक समीक्षा एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सोनीपत के टीकाराम कन्या महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. कमलेश मलिक ने भी अतिथि के रूप में भाग लिया। डॉ. कमलेश मलिक ने बताया कि सम्मेलन में हरियाणा व पंजाब प्रांत से आए अनेक साहित्यकारों ने भाग लिया। साहित्यकारों के साथ मिलकर उन्होंने कुछ हर्ष मिश्रित पल बिताए। समारोह में साहित्यकारों की ओर से लिखी गई पुस्तकों की समीक्षा की गई, साथ ही उन्हें सम्मानित कर गर्व के पल महसूस हुए। बता दें कि डॉ. कमलेश मलिक एक शिक्षाविद होने के साथ साहित्यकार भी हैं। डॉ. कमलेश मलिक का कहना है कि महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं जागरूक व मजबूत होना चाहिए। जागरूकता ही महिला का वह हथियार है, जिसके माध्यम से महिला अपने हितों की रक्षा कर सकती है।



### सात दिवसीय दउत्सव का शुभारंभ

## सतकुंभा धाम सनातन संस्कृति का अत्यंत पवित्र केंद्र : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



खेड़ी गुज्जर स्थित पावन सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम में सोमवार से सात दिवसीय दिव्य सतकुंभा उत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। उत्सव की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना, आरती और हवन से की गई, जिसमें हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने आहुति अर्पित की। इसके पश्चात मातृशक्ति को कलश प्रदान कर भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ कराया गया। कलश यात्रा में श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला । यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि सतकुंभा धाम सनातन संस्कृति का अत्यंत पवित्र केंद्र है, जिसकी आध्यात्मिक चेतना सतयुग से जुड़ी मानी जाती है। पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि सतकुंभा धाम भी प्रमुख तीर्थों में विशिष्ट स्थान रखता है। आचार्य दीपक सहित अन्य विद्वानों द्वारा रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में गीता कौशिक, डॉ. कांता शर्मा, शिवानी शर्मा, अंशु शर्मा, बॉलीवुड एक्शन डायरेक्टर यामीन, गन्नौर मार्केट कमेटी चेयरमैन निशांत छौक्कर, सरपंच महिपाल गौतम, रतन लाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त जिला महामंत्री व शहरी अध्यक्ष का किया अभिनंदन

**सोनीपत।** कोट महोल्ला गुरूद्वारा सोनीपत में जिला शहरी प्रधान कमल दिवान व नवनियुक्त जिला महामंत्री डा. सत्यवीर सिंह निर्माण का अभिनन्दन समारोह किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट राहुल निर्माण ने की। इस अवसर पर एडवोकेट राहुल निर्माण ने बताया कि महामंत्री का दायित्व डॉ. सत्यवीर सिंह को सौंपने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर धानक कबीर समाज के प्रधान हंसराज, पूर्व एमसी मौजी शर्मा, अनिल नारंग, बलराज बहमणीया, राजेन्द्र फौजी, नरेन्द्र लौट, आशा अटकान, कैलाश, लक्ष्मी देवी, राजेन्द्र, नरेन्द्र, बबीता देवी, कृष्णा बुमराह, अनिल गर्ग, अशोक शर्मा, कपिल, ओम प्रकाश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### बजट में शिक्षा को मिले प्रावधानों पर की चर्चा

**राई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को बहालगढ़ स्थित देवऋर्षि सीनियर सेकेंडरी स्कूल में युवा-छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मन की बात कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने केंद्रीय बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों पर छात्रों से संवाद किया। आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि केंद्र सरकार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस बार एक लाख दो हजार दो सौ पचपन करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता, डिजिटल लर्निंग, कौशल विकास और उच्च शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज तथा मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र भारतीय ने भी अपने विचार कार्यक्रम के संयोजक एवं बजट टोली के सदस्य नरेन्द्र धीमान रहे। विद्यालय के निदेशक जोगिंदर आंतिल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का शिक्षा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बजट देने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सुमित आंतिल, पार्षद कपिल शर्मा, सरपंच महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

**कार्यक्रम** प्रताप स्कूल में किया मास्टर चंदगीराम कुश्ती हॉल का उद्घाटन

### राज्यपाल देवव्रत ने भारतीय पारंपरिक खेलों के महत्व पर दिया जोर

# सुव्यवस्थित खेल परिसर खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए करेंगे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** कुश्ती हॉल के उद्घाटन अवसर राज्यपाल आचार्य देवव्रत व अन्य।

किसान सम्मेलन में सहभागिता के बाद गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल महामहिम आचार्य देवव्रत ने खरखौदा स्थित प्रताप स्कूल का दौरा किया। स्कूल पहुंचने पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत व विधायक पवन खरखौदा का द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित एवं स्कूल खेल निदेशक ओम प्रकाश दहिया, विद्यालय संस्थापक सत प्रकाश दहिया, प्रधानाचार्य दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा जग उत्थान खेल शिक्षा समिति की अध्यक्ष स्नेह दहिया द्वारा स्वागत किया गया। राज्यपाल ने विद्यालय परिसर में नवनिर्मित पद्मश्री मास्टर चंदगीराम कुश्ती हॉल का औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने पारंपरिक भारतीय खेलों, विशेष रूप से कुश्ती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आधुनिक एवं सुव्यवस्थित खेल परिसर युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे। उद्घाटन के पश्चात राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्रताप स्कूल की शैक्षणिक, खेल एवं आवासीय सुविधाओं का निरीक्षण किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सोमबीर आर्य द्वारा किया गया।

### प्राकृतिक खेती सम्मेलन में स्टैनफोर्ड स्कूल के चेयरमैन उत्सव दहिया को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** राज्यपाल आचार्य देवव्रत से प्रशस्ति पत्र ग्रहण करते उत्सव।

भरत सिंह वाटिका में आयोजित प्राकृतिक खेती – समृद्ध किसान सम्मेलन में महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने समाजोत्थान के उल्लेखनीय कार्यों के लिए द स्टैनफोर्ड स्कूल के चेयरमैन उत्सव दहिया को प्रशस्ति पत्र देकर कर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र पाने के बाद जब उत्सव दहिया विद्यालय पहुँचे तो विद्यालय परिवार द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। शिक्षकों व स्टाफ सदस्यों ने इसे विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताते हुए खुशी व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि यह सम्मान मूल्य आधारित शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं प्राकृतिक खेती जैसे जनहितकारी अभियानों में उत्सव दहिया की सक्रिय सहभागिता का प्रमाण है।